छात्राओं ने हिंदी साहित्य के लेखकों का कराया स्मरण

गांव खरल के क्षेत्रीय केंद्र में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित करते मुख्यातिथि। ● विज्ञप्ति।

नरवाना : भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र खरल में हिंदी दिवस पर कार्यक्रम में केंद्र निदेशक डा. अजीत सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। हिंदी विभाग प्रमुख प्रोफेसर मूर्ति ने मुख्य वक्ता के तौर पर मौजूद रही। कार्यक्रम में छात्राओं ने स्फोरकपत्रों पर तुलसीदास, कबीरदास, मुंशी प्रेमचन्द आदि के सुंदर चित्र बनाकर हिंदी साहित्य के लेखकों का स्मरण कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गुरुकुल की आचार्या डा. दर्शना ने हिन्दी भाषा के मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता डा. मूर्ति ने हिंदी के प्रचार प्रसार के उपाय बताने के साथ-साथ हिन्दी भाषा को व्यवहार में लाने हेतु जोर दिया। पत्र प्रतियोगिता में प्रथम स्थान किरण गोयत ने, भाषण में आंचल ने, निबंध लेखन में चरणजीत कौर ने, कविता वाचन प्रतियोगिता में गुंजन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कन्या गुरूकुल खरल में छात्राओं को नशों के बारे में किया जागरूक

कन्या गुरूकुल खरल में छात्राओं को नशे से बचने के लिए शपथ दिलवाते ।

सवेरा न्यूज/मनदीप नरवाना : आईजीपी हिसार एवं एसपी जींद के मार्गदर्शन में पुलिस विभाग द्वारा गठित टीम द्वारा ड्रग्स एवं हिंसा मुक्त, मेरा गांव मेरी शान अभियान के तहत कन्या गुरुकुल खरल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया। टीम इंचार्ज एसआई नरेश कुमार ने छात्राओं को नकारात्मक नशों के बारे में जागरूक किया और तस्करों को पकडने के लिए जारी हेल्पलाइन नंबर के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि नशे करने से व्यक्ति का शारीरिक नुकसान तो हाता ही है, साथ में आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि नशे की गिरफ्त में आया व्यक्ति चोरी व अन्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हो जाता है और समाज के लिए खतरा बन जाता है। उन्होंने कहा कि नशे केरने से परिवार उजड़ जाता है और समाज की नजरों में वो व्यक्ति हीनभावना की दृष्टि से देखा जाता है। कार्यक्रम में छात्राओं ने नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर जागरूकता फैलाने की अपील की, ताकि एक सभ्य समाज की स्थापना की जा सके। इस अवसर पर प्राचार्या गायत्री देवी, एसआई नरेश कुमार, एएसआई रामदिया, सिपाही कुलदीप, सतीश व सिपाही सीमा शामिल रहे।

हिन्दी दिवस पर छात्राओं ने हिन्दी साहित्य के लेखकों का कराया स्मरण

गांव खरल के क्षेत्रीय केंद्र में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित करते मुख्यातिथि।

सवेरा न्यूज/मनदीप नरवाना : भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केन्द्र खरल में हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत हिन्दी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्र निदेशक डा. अजीत सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की तथा हिन्दी विभाग प्रमुख प्रो. मूर्ति ने मुख्य वक्ता के तौर पर मौजूद रही। कार्यक्रम में छात्राओं ने स्फोरकपत्रों पर तुलसीदास, कबीरदास, मुंशी प्रेमचन्द आदि के सुन्दर चित्र बनाकर हिन्दी साहित्य के लेखकों का स्मरण कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गुरुकुल की आचार्या डा. दर्शना ने हिन्दी भाषा के मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। मुख्यातिथि डा. अजीत सिंह ने बताया कि हिन्दी भाषा में ऐसी सृजनात्मक कला होनी चाहिए, जिसे प्रत्येक व्यक्ति सहजरूप से अपनाकर, उसे अपनी अभिव्यक्ति के माध्यम से प्रकट कर सके। स्फोरक पत्र प्रतियोगिता में प्रथम स्थान किरण गोयत ने, भाषण प्रतियोगिता में आंचल ने, निबंध लेखन प्रतियोगिता में चरणजीत कौर ने, कविता वाचन प्रतियोगिता में गुंजन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

भगत फूल महिला विश्वविद्यालय में नव आगुंतक छात्राओं का किया स्वागत

मिस ब्यूटी व मिस फ्रैशर छात्रा को ताज पहनाते हुए स्टाफ।

सवेरा न्यूज/मनदीप नरवाना : भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां के क्षेत्रीय केंद्र, खरल के राजनीति विज्ञान विभाग में नव आगन्तुक छात्राओं का स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम बड़े ही उत्साहपूर्वक हुआ। कार्यक्रम में एमए अंतिम वर्ष की छात्राओं द्वारा प्रथम वर्ष की छात्राओं का स्वागत किया गया। राजनीति विभाग के सहायक प्रोफेसर प्रदीप कुमार, सविता एवं मंजू ने बताया कि कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार की प्रस्तुतियां दी गई। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में छात्रा आंचल को मिस ब्यूटी तथा छात्रा तमन्ना को मिस फरैशर चुना गया। जिन्हें विभाग के सदस्यों द्वारा पुरस्कृत किया गया। उन्होंने बताया कि छात्राओं के मनोबल को बढ़ाने के लिए इस प्रकार के आयोजन समय-समय पर करवाए जाते हैं।